भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बसु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 100 गौरवशाली वर्ष पूर्ति समारोह

नई दिल्ली, 21 दिसंबर , 2024: दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को श्री राममोहन नायडू किंजरापु, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा श्री मुरलीधर मोहोल, माननीय केंद्रीय नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री; प्रो. सौगत रॉय, माननीय सांसद (लोकसभा); श्री वी. वुअलनाम, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय; श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और डाक विभाग, नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बसु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोलकाता के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय विमानन के भविष्य को आकार देने में इस हवाईअड्डे की महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रदर्शित करते हुए इसकी समृद्ध विरासत को प्रतिबिम्बित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बसु को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई और बाद में सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

आज, कोलकाता हवाई अड्डे के शताब्दी समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि में योगदान देने के लिए सभी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि कोलकाता वास्तव में 'सीटी ऑफ जॉय' है क्योंकि यह अत्यंत सौहार्द से सभी का स्वागत करता है। उन्होंने आगे कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बसु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भारतीय नागर विमानन की यात्रा की एक गौरवशाली विरासत व प्रमाण है। पीढ़ियों से, यह हवाई अड्डा केवल एक प्रवेश द्वार नहीं, बल्कि कोलकाता को देश के बाकी हिस्सों और दुनिया से जोड़ने वाला एक सेतु रहा है।

इस अवसर पर, वर्षों से कोलकाता हवाईअड्डे की प्रगति और विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले भाविप्रा के कार्मिकों तथा एयरलाइंस, सीआईएसएफ आदि जैसे हवाईअड्डा हितधारकों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर को खास बनाते हुए, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा ने.सु.चं.ब.अं. हवाई अड्डे पर "उड़ान यात्री कैफ़े" नामक एक किफायती कैफ़े का भी शुभारंभ किया गया जो नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की परिवर्तनकारी पहलों का समर्थन करती हुई एक पायलट परियोजना है। यह कैफ़े किफायती मूल्य पर एक क्यूरेटेड मेनू प्रदान करेगी, जिससे यात्रियों को लागत-प्रभावी दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा तथा उनके यात्रा अनुभव को और भी बेहतर बनाया जा सकेगा।

इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदय द्वारा कोलकाता हवाई अड्डे के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर इसके सम्मान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की आधुनिक हवाईअड्डा वास्तुकला में परिलक्षित भारत

की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक कॉफी टेबल बुक के विमोचन सहित शताब्दी डाक विशेष आवरण, माई स्टैम्प और स्मारिका सिक्का जारी करने जैसी कई पहलों का भी शुभारंभ किया गया। माननीय मंत्री महोदय ने कोलकाता हवाई अड्डे की यात्रा को दर्शाती कुछ दुर्लभतम तस्वीरों की एक फोटो प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। मंत्री महोदय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हवाईअड्डे के गौरवशाली इतिहास को चिह्नित करते हुए भावपूर्ण संदेश लिखकर एक हस्ताक्षर अभियान में भी भाग लिया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष, श्री विपिन कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कोलकाता हवाई अड्डे की विरासत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे यह हवाई अड्डा भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक बना तथा यात्री यातायात एवं विमान संचालन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज किया। उन्होंने यह भी कहा कि नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अपने समर्पित प्रयासों के माध्यम से हवाई अड्डों पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

1566.3 एकड़ भूमि और 2,30,000 वर्ग मीटर पर निर्मित क्षेत्र में फैला, ने.सु.चं.ब.अं. हवाई अड्डा प्रतिवर्ष 2.6 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम है और लगभग 49 घरेलू व 15 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को सेवाएँ प्रदान करता है। यह हवाई अड्डा आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देता है तथा पूर्वी भारत को दुनिया से जोड़ने वाले अत्याधुनिक कार्गो टर्मिनल सहित मज़बूत हवाई माल परिवहन सेवाओं के माध्यम से व्यवसायों को सहायता प्रदान करता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का कोलकाता हवाई अड्डा जब अपने राष्ट्रसेवा के 100 वर्षों का उत्सव मना रहा है, तब यह 'सिटी ऑफ जॉय' के एक शानदार स्मारक का प्रतीक सा बन गया है। अपनी साधारण शुरुआत से लेकर विश्व के प्रमुख विमानन केंद्रों में अपना स्थान बनाने तक, कोलकाता हवाई अड्डा हमेशा लोगों, संस्कृतियों और देशों को जोड़ने वाला एक सेतु रहा है।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण हेतु महाप्रबंधक (नि.सं.) से कृपया संपर्क करें: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 26/2024-20

Shri. C. Rajagopalachary at Dum Dum Airport.
In the background is the old lounge and the old ATC which remained in operation until 1972.
Mr. B. K. Koirala, Prime Minister of Nepal at Dum Dum Airport.

उडान यात्री कॅफे
UDAN YATRI CAFE
UDAN
ANI